**Dabang Dunia (Indore), 21st January 2020, DD2, Page-2**



# स्पीकर्स ने प्रेजेंट किए टेक्निकल पेपर



**भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान इंदौर में मध्य ब्रह्मांड के प्रथम एक अरब वर्ष पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन**

दबंग रिपोर्टर ■ इंदौर

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) में 'इंदौर में मध्य ब्रह्मांड के प्रथम एक अरब वर्ष' विषय पर सोमवार से दस दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन संस्थान के खगोल विज्ञान, खगोल भौतिकी एवं अंतरिक्ष अभियांत्रिकी विभाग द्वारा किया जा रहा है। इसका उद्देश्य विश्व के सबसे बड़े टेलीस्कोप स्क्वायर मीटर अरे का प्रयोग करते हुए कैसे ब्रह्मांड को उसके शुरुआती दौर में समझा जा सकता है, की जानकारी प्राप्त करना है। पहले दिन के स्पीकर अनास्तासिया फियाल्कोव (कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय, यूके), ऐनी हटर (यूनिवर्सिटी ऑफ ग्रोनिंगन, नीदरलैंड), यिदॉन्ग जू (राष्ट्रीय खगोलीय वैधशाला, चीनी विज्ञान अकादमी, पीआरसी) थे, जिन्होंने तकनीकी पेपर पेश किए। इस सम्मेलन में आगामी दिनों में बड़ी संख्या में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर के वक्ता भाग लेंगे। सम्मेलन के दौरान 27 से 31 जनवरी तक पांच दिवसीय कार्यशाला का भी आयोजन किया जाएगा, जिसमें उत्सुक विद्यार्थी व शोधकर्ता भाग लेंगे। इसका उद्देश्य इन नई पीढ़ी के प्रयोगों द्वारा सामना की जाने वाली विभिन्न तकनीकी बाधाओं के नए समाधानों का पता लगाना और उन प्रयोगों द्वारा उत्पन्न अभूत पूर्व मात्रा के डाटा का विश्लेषण व व्याख्या करना है। कार्यशाला में प्रमुख वैज्ञानिकों द्वारा हमारे ब्रह्मांड के शुरुआती चरण को समझने के लिए विभिन्न तरीकों, उनके विश्लेषण, कमियों, डाटा आदि पर व्याख्यान, प्रदर्शन की शृंखला का आयोजन होगा।